सर्वोटेक पावर सिस्टम्स ने राजस्थान में शुरू की सुपर डिस्ट्रीब्यूटरशीप

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर । समग्र भारत में राजस्थान सोलर एनर्जी (सौर ऊर्जा) का हब बना है। देश में करीब 50 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता विकसित हो गई है, जिसमें 22 प्रतिशत यानि अंदाजित 11 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन के साथ राजस्थान शीर्ष पर है। राज्य सरकार ने वर्ष 2030 तक 30 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है और इसके लिए प्रदेश में लगातार सोलर पार्क विकसित किए जा रहे है। सरकार के साथ अनेक निजी कंपनियां भी यहां सोलर एनर्जी सिस्टम्स स्थापित करने में दिलचस्पी ले रही है। इसी क्रम में देश में गुणवत्तायुक्त पूर्ण सोलर प्रोडक्ट्स उत्पादक सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड ने जयपुर में सुपर डिस्ट्रीब्यूटरशीप शुरू की है। राजस्थान में सोलर प्रोडक्ट्स का वितरण नेटवर्क स्थापित करने के लिए सर्वोटेक पावर सिस्टम्स और लीलमैक्स पावर सॉल्यूशन ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए है। सर्वोटेक पावर सिस्टम्स के वाइस प्रेसीडेन्ट (चैनल सेल्स) कुलबीर सिंह ने कहा कि, सर्वोटेक भारत में सोलर प्रोडक्ट्स का अग्रणी उत्पादक है और कई प्रमुख सोलर प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। हम राजस्थान में व्यापार विस्तरण करते हुए रोमांचित और गौरवान्वित महसूस कर रहे है। यहां चैनल की बिक्री निश्चित रूप से कस्बों और गांवों में सौर प्रसार प्रदान करेगी और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में योगदान देगी, जिससे बेहतर इको सिस्टम विकसित करने में मदद मिलेगी। राजस्थान सौर ऊर्जा का हब है और यह बेहतर और ग्रीन(हरित) जीवन के मानवीय लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा। सर्वोटेक पावर